SEAL

104832

HINDI

Paper : II

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश : *(1) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(2) दाहिनी ओर किनारे पर दिए गए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

1. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : 2×2=4

(i) अंधकार

(ii) गंगा

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए : 1×5=5

(i) अपना

(ii) इच्छा

(iii) नीति

(iv) नैतिक

(v) रंक

(ग) संधि-विच्छेद कीजिए : 1×6=6

(i) विद्यालय

(ii) उपर्युक्त

(iii) भारतेन्दु

(iv) महोत्सव

(v) मरणासन्न

(vi) कवीश

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1×5=5

(i) मैंने घर जाना है।

(ii) गौरव तुम्हारे से नहीं डरता।

(iii) यह असली गाय का दूध है।

(iv) कौन गीत लिखा है ?

(v) समय की महत्त्वता को समझो।

SEAL

SEAL

2. (क) छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए। 5

(ख) मित्र को जन्मदिन की बधाई का पत्र लिखिए। 5

(ग) किसी उत्सव पर दस-पन्द्रह पंक्तियों का आलेख लिखिए। 4

(घ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जीवन में साहित्य की उपयोगिता के विषय में कभी-कभी संदेह किया जाता है कि जो स्वभाव से अच्छे हैं, वे अच्छे ही रहेंगे या जो बुरे हैं वे बुरे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी लिखें या पढ़ें। परन्तु यह सच नहीं है। वास्तव में जो सुन्दर है, उसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति बुराई छोड़कर अच्छाई को अपनाना चाहता है। यह असंभव है कि प्रेम, करुणा, दया, सहानुभूति का मनुष्य के हृदय पर प्रभाव न हो।

(i) कभी-कभी क्या संदेह किया जाता है? 2

(ii) मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण किसकी ओर होता है? 2

(iii) मनुष्य के लिए क्या असंभव है? 2

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) हिन्दी साहित्य का काल-विभाजन और नामकरण कीजिए। 5

(ख) रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 5

(ग) हिन्दी रेखाचित्र का परिचय दीजिए। 5

(घ) हिन्दी जीवनी साहित्य का विवेचन कीजिए। 5

4. संदर्भ सहित अर्थ लिखिए : 5×4=20

(क) मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जावें वीर अनेक।

(ख) जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छाई
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आई।

(ग) अलसता की सी लता
किन्तु कोमलता की वह कली
सखी नीरवता के कन्धे पर डाले बाँह
छाँह-सी अम्बर-पथ से चली।

(घ) जी, पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको
पर पीछे-पीछे अक्ल जगी मुझको,
जी, लोगों ने तो बेच दिये ईमान।
जी, आप न हों सुनकर ज्यादा हैरान।

5. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×4=20

(क) पत्तियाँ जल चुकी थीं। बगीचे में फिर से अंधेरा छाया था। राख के नीचे कुछ-कुछ आग बाकी थी, जो हवा का झोंका आ जाने पर जरा जाग उठती थी, पर एक क्षण में फिर आँखें बंद कर लेती थी।

(ख) कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं। वे जिस तरफ झुक गए, झुक गये। जी में आया तो राई को पर्वत कर दिया, जी में आया तो हिमालय की तरफ भी आँख उठाकर न देखा।

(ग) एक चिन्तापूर्ण आलोक में आज शराबी ने आँख खोलकर कोठरी में बिखरी हुई दारिद्रय की विभूति को देखा उस घुटनों से ठुढ्डी लगाए हुए निरीह बालक को, उसने तिलमिला कर प्रश्न किया—किसने ऐसे सुकुमार फूलों को कष्ट देने के लिए निर्दयता की सृष्टि की?

(घ) जीवन के आदि और उत्कर्ष के बीच एक और सीढ़ी है—जीवन का पुरुषार्थ। अपराध क्षमा हो आचार्य आपकी कला उस पुरुषार्थ को भूल गयी है। जब मैं इन मूर्तियों में बँधे रसिक जोड़ों को देखता हूँ तो मुझे याद आती है पसीने में नहाते हुए किसान की, कोसों तक धारा के विरुद्ध नौका को खेने वाले मल्लाह की, दिन-दिनभर कुल्हाड़ी लेकर खटने वाले लकड़हारे की...।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) प्रमुख काव्य-हेतुओं का परिचय दीजिए।

(ख) प्रमुख काव्य-प्रयोजनों का उल्लेख कीजिए।

(ग) अभिधा शब्द-शक्ति का परिचय दीजिए।

(घ) छंद की परिभाषा स्पष्ट करते हुए वर्णिक एवं मात्रिक छंदों का सामान्य परिचय दीजिए।

7. (क) भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

(ख) देवनागरी लिपि का परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 10

8. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

(क) (i) राम का जन्म कहाँ हुआ था? $2 \times 5 = 10$

(ii) राम के पिता का क्या नाम था?

(iii) राम को कितने वर्षों का वनवास हुआ था?

(iv) रावण के एक पुत्र का नाम लिखिए।

(v) शूर्पणखा कौन थी?

(ख) (i) पाँडव कितने भाई थे? $2 \times 5 = 10$

(ii) कृष्ण ने गीता का उपदेश किसे दिया था?

(iii) कौरव कितने भाई थे?

(iv) महाभारत की लड़ाई किस मैदान में हुई थी?

(v) महाभारत के रचयिता कौन थे?

———

SEAL SEAL SEAL